आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 11.08.2024   समय : 0705

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा संस्करण ग्राम पंचायतों और जनजातीय क्षेत्रों में भी शुरू किया गया।
- अंडमान निकोबार चिकित्सा संस्थान में एम बी बी एस की एक सौ चौदह सीटों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है।
- पर्यटन से जुड़े लोगों का कौशल विकास करने के लिए तेरह अगस्त तक पोर्ट ब्लेयर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस ने गोपेन नाला जंगल के पास एक विदेशी घुसपैठी को गिरफ्तार किया।

<><><><><><><>

भारत और तिमोर लेस्ते ने कल तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए। समझौते में– प्रसार भारती और रेडियो टेलीविजन तिमोर लेस्ते के बीच सहयोग अधिकारियों और राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट तथा सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम पर सहयोग शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को तिमोर लेस्ते के सबसे बडे नागरिक पुरस्कार ग्रेंड कॉलर ऑफ ऑर्डर से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति जोसे रामोस होर्ता ने डिलि में राष्ट्रपति पैलेस में उन्हें ये सम्मान प्रदान किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

<><><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा संस्करण द्वीपसमूह में भी नौ अगस्त से शुरू किया गया है और यह स्वतंत्रता दिवस तक चलेगा। द्वीपसमूह के ग्रामीण क्षेत्रों , पंचायती राज संस्थानों और जनजातीय क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। निकोबार ज़िले में भी हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत जिला कार्यालय में तैनात अधिकारियों द्वारा तिरंगा यात्रा के साथ की गई। ज़िला उपायुक्त की उपस्थिति में स्थानीय जनता ने इस अभियान के प्रति काफी उत्साह दिखाया। अभियान के पहले दिन पूरे द्वीपसमूह में विभिन्न ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा, आकर्षक पेन्टिंग और भाषण प्रतियोगिताओं सहित कई गतिविधियां

चलाई गई। इसके अतिरिक्त ब्लॉक कार्यालयों, स्कूलों और विभिन्न सामुदायिक स्थानों पर तिरंगा कैनवस पर हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के दौरान स्थानीय अधिकारी और पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस अभियान के द्वारा लोगों में एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा दिया जाए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चिकित्सा संस्थान में एम बी बी एस की एक सौ चौदह सीटों के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। नीट यूजी दो हजार चौबीस उत्तीर्ण छात्रों को अखिल भारतीय कोटा परामर्श और राज्य कोटा परामर्श के जरिए प्रवेश दिया जाएगा। कुल एक सौ चौदह सीटों में से सत्रह सीटे एन सी सी द्वारा ऑनलाइन परामर्श के जरिए भरा जाएगा, जबकि सत्तानब्बे सीटे राज्य कोटा के तहत भरे जाएंगे। इनमें से दस सीटे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए होगा। प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को सामान्य प्रवेश ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना होगा। यह कार्य चौदह अगस्त को दिन मे दस बजे से आरंभ होगा। बीस अगस्त की शाम पांच बजे ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अस्थाई योग्यता सूची इक्कीस अगस्त को जारी होगी। दावे और आपत्तियां बाईस अगस्त की शाम पांच बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। योग्यता सूची तेईस अगस्त को जारी होगी। सत्ताईस और अट्ठाईस अगस्त को सुबह नौ बजे से पहले चरण का परामर्श और दस्तावेजों की जांच का कार्य किया जाएगा। दूसरे चरण का यह कार्य सत्रह सितम्बर को होगा। उम्मीदवार निर्धारित शुल्क वापसी के साथ तीस अक्तूबर तक प्रवेश से नाम वापस ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अनिम्स के प्रवेश प्रकोष्ठ पर फोन पर या वेबसाइट से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पर्यटन से जुड़े लोगों का कौशल विकास करने के लिए तेरह अगस्त तक पोर्ट ब्लेयर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पर्यटन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी हासिल होगी। कार्यशालाओं, आदान–प्रदान सत्र के जरिए उनका कौशल विकास किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन आटो के अध्यक्ष एम. विनोद ने इस प्रशिक्षण पहल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ये हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारे हितधारकों के व्यवसायिक विकास में निवेश करने से न केवल उनके कौशल में वृद्धि होगी बल्कि टिकाउ और उच्च गुणवत्ता वाले पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कार्यक्रम द्वीपों के लिए हमारे

दीर्घकालीक दृष्टिकोण को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में गहन कार्यशालाओं, आदान प्रदान सत्रों और व्यवहारिक अभ्यासों की एक श्रृंखला शामिल होगी।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस ने गोपेन नाला जंगल के पास एक विदेशी घुसपैठी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्थानीय मछुआरों से सूचना इकट्ठा कर योजना तैयार की और संदिग्ध क्षेत्रों में घुसपैठी विरोधी अभियान चलाया। घुसपैठी विरोधी टीम ने गोपेन नाला जंगल में छानबीन शुरू की। इस अभियान के दौरान टीमको इस क्षेत्र में इंजन डिंगी के साथ घुसपैठी के छिपे होने का पता चला। नौ अगस्त को एक व्यापक और निंरतर तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने जंगल से एक विदेशी घुसपैठी को पकड़ा। पकड़े हुए घुसपैठी की खराब स्वास्थ्य स्थिति के कारण उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और वर्तमान में उसका इलाज चल रहा है। इलाज के बाद घुसपैठी को आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया जाएगा। इस अभियान को ज़िला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल की देखरेख में अंजाम दिया गया ।

<><><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने फोरेन्सिक साइंस प्रयोगशाला के लिए एक नया लोगो जारी किया। पुलिस मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग की गतिविधियों पर जानकारी देते हुए कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह देश का पहला संघशासित प्रदेश है, जिसने ई–फॉरेन्सिक का क्रियान्वयन और पेपर रहित प्रणाली को अपनाया। इस नए लोगो का डिजाइन जगजीवन राम ने किया है।

उधर, अंडमान निकोबार पुलिस ने सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गाराचरमा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। गैर सरकारी संगठन प्रयास और जे ई सी के सहयोग से आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान आत्महत्या को रोकने, पॉक्सो अधिनियम और बचाव, नशाखोरी तथा यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। लघु नाटिका का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में शुरू किया गया खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेन्टिफिकेशन –कीर्ति कार्यक्रम द्वीपसमूह में भी शुरू हो चुका है। इसका दूसरा चरण खेल मंत्री द्वारा उन्नीस जुलाई को शुरू किया गया है। इसका लक्ष्य वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में सभी राज्यों और ज़िलों को शामिल कर हर बच्चे तक खेल की पहुंच सुनिश्चित करना है और करीब बीस

लाख खिलाड़ियों का आंकलन किया जाना है। साई की ओर से विभिन्न स्कूलों में शारीरिक परीक्षण और खेल विशिष्ट परीक्षण आरंभ कर दिया गया है। जो बच्चे परीक्षण में शामिल नहीं हो पाए, वे उन्नीस अगस्त को सुबह सात बजे नेताजी स्टेडियम में होने वाले सत्र में भाग ले सकते हैं। इसके बाद इक्कीस से तेईस अगस्त तक एन सी एस मिनी बे में होने वाले मेगा कीर्ति कार्यक्रम में भी भाग लिया जा सकता है। इसी तरह का कार्यक्रम निकोबार ज़िले में उनतीस अगस्त को आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>